# डी-रज़िर्वेशन करने से संबंधति UGC का मसौदा दशिा-नर्दिेश

## प्रलिमि्स के लयि:

वशि्ववदि्यालय अनुदान आयोग (UGC), अनुसूचति जात (SC), अनुसूचति जनजात (ST), आरक्षण

## मेन्स के लयि:

सरकारी नीतयिाँ और हस्तक्षेप, अनुसूचति जात तथा अनुसूचति जनजात सि संबंधति मुद्दे, आरक्षण

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

उच्च शक्षिण संस्थानों में आरक्षण लागू करने हेतु वशि्ववदि्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC) के **मसौदा दशिा-नर्दिेश** महत्त्वपूर्ण चर्चा का वषिय बन गए हैं जसिका मुख्य कारण कुछ **वशिष मामलों में रक्तियिों को 'अनारक्षति' करने का प्रस्ताव** है।

- केंद्र सरकार तथा UGC ने स्पष्ट कयिा है क विशि्ववदि्यालयों के संकाय पदों हेतु अनुसूचति जात (SC), अनुसूचति जनजात (ST), अन्य पछिड़ा वर्ग (OBC) **तथा** आर्थकि रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) उम्मीदवारों के आरक्षति पदों पर सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की भर्ती नहीं की जाएगी।

**नोट:**

- डी-रज़िर्वेशन का तात्पर्य अनुसूचति जात, अनुसूचति जनजात, OBC तथा EWS जैसी **वशिषिट श्रेणयिों को आवंटति आरक्षति सीटों अथवा कोटा को संभावति रूप से समाप्त करने** से है।

## UGC मसौदा दशिा-नर्दिेशों में क्या शामलि है?

- UGC ने वर्ष 2006 के दशिा-नर्दिेशों के बाद से कयिे गए परविर्तनों तथा नए सरकारी नर्दिेशों पर वचिार करते हुए उच्च शक्षिण संस्थानों में आरक्षण लागू करने के लयि नए मसौदा दशिा-नर्दिेश तैयार करने के लयि एक समति को कार्य सौंपा जसिकी अध्यक्षता लोक प्रशासन संस्थान के नदिशक **डॉ. एच.एस राणा** द्वारा की गई।
  - इसका उद्देश्य संबंधति मौजूदा नयिमों को स्पष्ट करना तथा न्यायालय के नर्णियों के आधार पर **कार्मकि एवं प्रशक्षिण वभिाग (Department of Personnel and Training- DoPT)** द्वारा जारी परपित्रों के अपडेट को शामलि करना था।
- मसौदे में **संकाय पदों में कोटा, आरक्षण रोस्टर तैयार करना, डी-रज़िर्वेशन, आरक्षण हेतु जात के दावों का सत्यापन तथा संस्थानों में छात्रों के प्रवेश में आरक्षण** जैसे पहलुओं को शामलि करने वाले वभिन्नि अध्याय शामलि हैं।
- रक्तियिों को **अनारक्षति करने का मुद्दा बहस का प्रमुख कारक** है क्योंक यिह **आरक्षति संकाय पदों को** संबंधति वशि्ववदि्यालय से पर्याप्त औचत्यि के माध्यम से **"वशिष मामलों" में अनारक्षति करने का प्रावधान** करता है।
  - दशिा-नर्दिेशों में कहा गया है क SC/ST या OBC उम्मीदवारों के लयि **आरक्षति स्थान को अनारक्षति घोषति कयिा जा सकता है यद इिन श्रेणयिों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं।**
  - ग्रुप A और ग्रुप B स्तर की नौकरयिों के आरक्षण को रद्द करने का प्रस्ताव **शक्षिा मंत्रालय** को प्रस्तुत कयिा जाना चाहयि, जबक ग्रुप C तथा D स्तर के पदों के लयि वशि्ववदि्यालय की कार्यकारी परषिद से अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

## आरक्षण की समाप्त पिर हंगामा क्यों हुआ?

- **विरोध का कारण:**
  - मसौदा दिशा-निर्देशों के अनुसार संकाय नौकरियों में **गैर-आरक्षण का मार्ग खोलने की बात कही गई** , जिससे सार्वजनिक रूप से विवादित स्थिति उत्पन्न हो गयी। यह **वर्तमान शैक्षणिक मानकों के विपरीत** है, जो निर्धारित करता है कि **आरक्षण संकाय पदों को सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिये परिवर्तित नहीं किया जाता** है।
    - विवाद तब पैदा हुआ जब इस प्रावधान ने ग्रुप A के पदों को बढ़ाकर ग्रुप B, C और D को भी इसमें शामिल कर दिया।
  - शिक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर सीधी भर्ती में SC, ST और OBC के लिये आरक्षित रिक्तियों के आरक्षण पर प्रतिबंध लगा रखा है।
    - ऐतिहासिक रूप से अधूरे कोटा पदों को **पारंपरिक रूप से फिर से विज्ञापित किया जाता** है और उपयुक्त उम्मीदवारों की पहचान होने तक विशेष भर्ती अभियान चलाए जाते हैं।
  - इसे आरक्षण के संवैधानिक आदेश के उल्लंघन और उच्च शिक्षा में **हाशिये पर रहने वाले समुदायों के प्रतिनिधित्व तथा सशक्तीकरण के लिये खतरे के रूप में देखा गया।**
- **UGC और सरकार की प्रतिक्रिया:**
  - **सार्वजनिक विवाद की स्थिति के विरुद्ध, शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी ने तुरंत स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें बल दिया गया कि आरक्षण को रद्द करने की अनुमति देने वाला कोई नया निर्देश नहीं है।**
    - मंत्रालय के अनुसार **केंद्रीय शैक्षिक संस्थान (Central Educational Institutions- CEI) अधिनियम, 2019** , आरक्षित पदों के आरक्षण पर रोक लगाता है और सभी रिक्तियाँ 2019 अधिनियम के अनुसार भरी जानी चाहिये।
  - UGC अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि दिशा-निर्देश केवल मसौदा रूप में थे, उन्होंने आश्वासन दिया कि आरक्षण से संबंधित कोई भी प्रावधान अंतिम दस्तावेज़ का हिस्सा नहीं होगा।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क्या है?

- **28 दिसंबर, 1953 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद** ने औपचारिक तौर पर **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** की नींव रखी थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय शिक्षा के मापदंडों के समन्वय, निर्धारण और अनुरक्षण हेतु वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) **शिक्षा मंत्रालय** के तहत काम करता है, केंद्र सरकार UGC में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और दस अन्य सदस्यों की नियुक्ति करती है।
  - अध्यक्ष ऐसे लोगों में से चुना जाता है जो **केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार के अधिकारी नहीं** होते हैं।
- पात्र विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को **अनुदान प्रदान** करने के अलावा आयोग केंद्र तथा राज्य सरकारों को उच्च शिक्षा के विकास के लिये आवश्यक उपायों पर सलाह भी देता है।
- यह बंगलूरू, भोपाल, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में स्थित अपने 6 क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ **नई दिल्ली** स्थित मुख्यालय से कार्य करता है।
- यह फर्ज़ी विश्वविद्यालयों, स्वायत्त महाविद्यालयों, डीम्ड विश्वविद्यालय और दूरस्थ शिक्षा संस्थानों की मान्यता को भी नियंत्रित करता है।

## आरक्षण को नियंत्रित करने वाले संवैधानिक प्रावधान

- भारतीय संविधान में आरक्षण के लिये कई प्रावधान हैं। **संविधान का भाग XVI केंद्र और राज्य विधायिका में SC एवं ST के आरक्षण से संबंधित है।**
- संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) ने राज्य तथा केंद्र सरकारों को SC एवं ST समुदाय के सदस्यों के लिये सरकारी सेवाओं में सीटें आरक्षित करने में सक्षम बनाया है।
  - **संविधान (77वाँ संशोधन) अधिनियम, 1995** द्वारा संविधान में संशोधन कर अनुच्छेद 16 में एक नया खंड (4A) शामिल किया गया जिससे **सरकार पदोन्नति के मामले में आरक्षण** प्रदान करने में सक्षम हुई है।
  - इसके बाद आरक्षण के **माध्यम से पदोन्नत SC एवं ST उम्मीदवारों को परिणामी** वरिष्ठता प्रदान करने के लिये संविधान (85वाँ संशोधन) अधिनियम 2001 द्वारा अनुच्छेद 16(4A) में संशोधन किया गया।
- अनुच्छेद 16(4B) राज्य को 50% आरक्षण सीमा को दरकिनार करते हुए अगले वर्ष में SC/ST की अधूरी रिक्तियों को भरने की अनुमति देता है।
- **अनुच्छेद 330 और 332** संसद तथा राज्य विधानसभाओं में SC एवं ST के लिये सीटों के आरक्षण के माध्यम से विशिष्ट प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान करते हैं।
- पंचायतों और नगर पालिकाओं में भी **अनुच्छेद 243D तथा 243T** के तहत आरक्षण प्रावधान हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***?????:***

**प्रश्न. क्या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) धार्मिक अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जातियों के लिये संवैधानिक आरक्षण के क्रियान्वयन का प्रवर्तन करा सकता है? परीक्षण कीजिये। (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ugc-s-draft-guidelines-on-de-reservation